INSIDE झारखण्ड न्यूज
खबरों पर हमारी नज़र

# Saraikela : चांडिल में अवैध विदेशी शराब और नकली उत्पाद के खिलाफ छापेमारी, दो गिरफ्तार



*सरायकेला : जिला उपायुक्त सरायकेला के निर्देशानुसार और अधीक्षक उत्पाद सौरभ तिवारी के निर्देशन में चांडिल थाना अंतर्गत तमोलिया स्थित एक घर में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया. यह कार्रवाई अंचल अवर निरीक्षक उत्पाद नीरज कुमार के नेतृत्व में उत्पाद बल ने की. छापेमारी के दौरान 225 लीटर नकली विदेशी शराब और एक होंडा एक्टिवा स्कूटी बरामद की गई. सभी सामानों को विधिवत जब्त कर लिया गया है. घटनास्थल से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया. उनके खिलाफ उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है. टीम में उत्पाद अवर निरीक्षक नीरज कुमार, पुलिस सहायक अवर निरीक्षक शिवनाथ राम, आरक्षी महेंद्र रविदास तथा गृह रक्षा वाहिनी के प्रतिनियुक्त सदस्य शामिल थे. यह अभियान जिले में अवैध शराब कारोबार पर सख्ती से कार्रवाई के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है.*

Source: [https://insidejharkhand.in/saraikela-raid-against-illegal-foreign-liquor-and-fake-products-in-chandil-two-arrested/](https://insidejharkhand.in/saraikela-raid-against-illegal-foreign-liquor-and-fake-products-in-chandil-two-arrested/)